दिन – मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 27 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कोरोना जैसी प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद भारत विकास के पायदान चढ़ते हुए ग्यारहवें नंबर की अर्थव्यवस्था से चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था बना है। श्री मोदी ने गुजरात के गांधीनगर में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की यह सफलता भारतीयों की विकास और प्रगति की प्रचंड चाहत का परिणाम है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि यह गर्व की बात है कि हमने जापान को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि दो हजार सैंतालीस में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना ही है। श्री मोदी ने कहा कि हम आजादी का सौ साल ऐसे मनायेंगे कि दुनिया में विकसित भारत का झंडा फहराता रहेगा।

—————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उनतीस मई को होने वाले दो दिवसीय बिहार दौरे को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्री मोदी अपने दौरे के दौरान पटना और रोहतास में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने संवाददाताओं से जानकारी साझा करते हुए बताया कि उनतीस मई को संध्या पांच बजे प्रधानमंत्री श्री मोदी पटना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां पटना एयरपोर्ट के नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन और बिहटा में प्रस्तावित एयरपोर्ट का शिलान्यास करेंगे। श्री जायसवाल ने बताया कि इसके बाद प्रधानमंत्री का एयरपोर्ट से भाजपा कार्यालय तक रोड शो का कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि रोड शो के मार्ग में अलग–अलग बत्तीस स्थानों पर स्वागत मंच बनाया जा रहा है। तीस मई को प्रधानमंत्री रोहतास के विक्रमगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे।

—————————————————————————

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस पारंपरिक मूल्यों को संरक्षित करते हुए देश में भविष्य की शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली में शिक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक दूरदर्शी ढांचे के रूप में उभरी है, जो भारत में सीखने के भविष्य को आकार दे रही है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति एक दूरदर्शी ढांचे के रूप में विकसित की गई है। जो देश में शिक्षा के भविष्य को बेहतर दिशा में प्रभावित कर रही है।

———————————————————————————

राज्यभर के सरकारी स्कूलों में अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी इकतीस मई को आयोजित की जायेगी। शिक्षा विभाग ने इस संगोष्ठी की थीम रखी है–'पढ़ेंगे, बढ़ेंगे और सीखेंगे हम। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, इस संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यालय से मिलने वाले सहयोग के बारे में अभिभावकों को बताना है और गर्मी की छुट्टी के दौरान विद्यार्थियों के सतत् सीखने के लिए अभिभावकों को जागरूक बनाना।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में प्री–मॉनसून बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में कटिहार, किशनगंज, पूर्णियां, जमुई, नालंदा, गया समेत राज्य के दक्षिण–पूर्व और दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर तेज बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक एक सौ पांच मिलीमीटर बारिश कटिहार में रिकॉर्ड की गई। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर, बांका, कटिहार और नवादा समेत राज्य के दक्षिण–मध्य और पूर्वी भागों में कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इसके साथ ही उत्तरी और पूर्वी भागों में विभिन्न स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की आशंका है।

———————————————————————————

मिथिला के प्रसिद्ध सौराठ सभा का आयोजन अट्ठाईस मई से छह जून तक मधुबनी के सौराठ में किया जायेगा।

———————————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत–नेपाल सीमा के पास पुलिस और एसएसबी ने संयुक्त छापेमारी कर भारी मात्रा में नशीली पदार्थ बरामद किए हैं। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

रोहतास जिले के चेनारी विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं ने मेहंदी लगाकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया।

———————————————————————————

औरंगाबाद जिले में भारतीय रेल और एनटीपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम भारतीय रेल बिजली कंपनी ने ग्रामीण बालिकाओं के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए सशक्तिकरण अभियान की शुरूआत की है। कार्यक्रम का उद्‌घाटन एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक सुदीप नाग ने किया।

———————————————————————————

समाप्त